p>

Title: Request to government to withdraw the proposal to give Government Primary Education Department to private sector in Dadra and Nagar Haweli.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): माननीय सभापति जी, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गंभीर विषय दादरा और नागर हवेली के बारे में उठाने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं ।

सर, हम जानते हैं कि हमारे लिए शिक्षा विभाग बहुत ही अहम विषय है । शिक्षा विभाग के साथ न तो लापरवाही होनी चाहिए और न खिलवाड़ होना चाहिए । दादरा और नागर हवेली का प्रशासन सरकारी शिक्षा विभाग को निजी संस्थान को देने का प्रस्ताव रख रहा है । दादरा और नागर हवेली के प्रशासन के साथ जो शिक्षा विभाग है, वह जितना प्रशासन है, उतना ही शिक्षा विभाग है । इतना बड़ा स्टॉफ है और इतने सारे कर्मचारी हैं और इतना बड़ा बजट है । इतने हजारों संख्या में हमारे विद्यार्थी वहां पढ़ते हैं । हमारे जितने भी प्राथमिक शिक्षा विभाग हैं, उनको निजी संस्थान को देने का जो प्रस्ताव रखा गया है, उसका हम विरोध करते हैं । जब सारी सुविधाएं और बजट भारत सरकार प्रोवाइड करती है तो क्यों वहां का प्रशासन शिक्षा विभाग को निजी संस्थान को देने का काम करने जा रहा है? इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि तुरंत यह प्रस्ताव वापस लिया जाए और निजी संस्थान को देने का जो निर्णय किया गया है, उसको वापस लिया जाए । धन्यवाद ।